भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4158

18 मार्च, 2026 के लिए प्रश्न

खाद्यान्न के बफर स्टॉक

4158. श्री जी. लक्ष्मीनारायण:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान केंद्रीय पूल में रखे गए खाद्यान्न की कुल मात्रा का वर्ष-वार और वस्तु-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) संबंधित अवधि के लिए निर्धारित बफर मानदंडों और रणनीतिक आरक्षित आवश्यकताओं का तिमाही और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त अवधि के दौरान वास्तविक स्टॉक स्तर निर्धारित बफर मानदंडों से अधिक था और यदि हां, तो रखे गए अतिरिक्त स्टॉक की सीमा का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा बफर स्टॉक के रखरखाव पर किए गए कुल व्यय का भंडारण, ब्याज, हैंडलिंग, ढुलाई और स्टॉक रोटेशन सहित प्रमुख मदों के तहत ब्यौरा सहित वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार ने निर्धारित बफर मानदंडों से अधिक स्टॉक के रखरखाव के कारण होने वाली अतिरिक्त वहन लागत का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार का राजकोषीय बोझ को कम करने और खाद्यान्न प्रबंधन में दक्षता में सुधार करने के लिए खरीद और भंडारण स्तरों को युक्तिसंगत बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क) और (ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान खाद्यान्न का कुल स्टॉक, केंद्रीय पूल के लिए खाद्यान्न भंडारण मानदंड और अतिरिक्त स्टॉक निम्नलिखित हैं:

...2/-

(आंकड़े लाख टन में)

दिनांक तक	गेहूं और चावल का स्टॉक			खाद्यान्न भंडारण मानदंड (बफर स्टॉक)	अतिरिक्त स्टॉक
	गेहूं	चावल	कुल		
1 अप्रैल, 2021	273.04	291.18	564.22	210.40	353.82
1 अप्रैल, 2022	189.90	323.22	513.12	210.40	302.72
1 अप्रैल, 2023	83.45	248.60	332.05	210.40	121.65
1 अप्रैल, 2024	75.02	301.57	376.59	210.40	166.19
1 अप्रैल, 2025	117.94	382.09	500.03	210.40	289.63

(ख): दिनांक 22.01.2015 से केंद्रीय पूल (बफर मानदंड) के लिए खाद्यान्न भंडारण मानदंड निम्नलिखित हैं:

(आंकड़े लाख टन में)

दिनांक तक	प्रचालनात्मक स्टॉक		रणनीतिक रिजर्व		कुल
	चावल	गेहूँ	चावल	गेहूँ	
1 अप्रैल	115.80	44.60	20.00	30.00	210.40
1 जुलाई	115.40	245.80	20.00	30.00	411.20
1 अक्टूबर	82.50	175.20	20.00	30.00	307.70
1 जनवरी	56.10	108.00	20.00	30.00	214.10

(घ): पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान हुई बफर लागत का विवरण **अनुबंध-क** के रूप में संलग्न है।

(ड.): एफसीआई के स्टॉक रखरखाव से संबंधित अतिरिक्त वहन लागत में मुख्य रूप से भंडारण और ब्याज शामिल हैं। लेखापरीक्षित वित्त वर्ष 2024-25 के बफर वहन लागत गणना के आधार पर, भंडारण दर 163.04 रुपये प्रति क्विंटल और ब्याज दर 220.44 रुपये प्रति क्विंटल है।

...3/-

(च): सरकार की खरीद नीति के व्यापक उद्देश्य किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करना और कमजोर वर्ग को किफायती कीमतों पर भोजन उपलब्ध कराना है। राज्य सरकार की एजेंसियां और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) निर्धारित उचित औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) विनिर्देशों के अनुरूप गेहूं और धान की खरीद करते हैं, जो किसानों द्वारा खरीद के लिए पेश किए जाते हैं, ताकि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके और उन्हें मजबूरी में कम कीमत पर बेचने की नौबत न आए। हालांकि, यदि उत्पादक/किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से बेहतर कीमत मिलती है, तो वे अपनी उपज खुले बाजार में बेचने के लिए स्वतंत्र हैं। किसी राज्य में खरीद केवल उत्पादन पर ही नहीं, बल्कि विपणन योग्य अधिशेष, एमएसपी, प्रचलित बाजार दर, मांग और आपूर्ति की स्थिति तथा निजी व्यापारियों की भागीदारी जैसे अन्य कारकों पर भी निर्भर करती है।

*****

लोकसभा में दिनांक 18.03.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 4158 के भाग (घ) में उल्लिखित अनुबंध

अनुबंध-क

बफर स्टॉक की वहन लागत

राशि लाख रु.

लागत का विवरण	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**
रखरखाव	23,866.95	35,655.25	4,459.76	48,825.15	82,509.55
भंडारण शुल्क	81,027.81	1,11,278.12	16,344.94	1,41,387.77	3,14,543.69
ब्याज	1,11,105.23	2,04,528.04	-843.35	2,27,503.58	4,25,303.06
माल ढुलाई	83,576.95	94,051.85	45,736.20	1,17,625.70	1,60,433.14
प्रशासनिक व्यय	10,923.60	19,479.38	2,740.30	35,961.17	69,964.85
पारगमन में कमी	3,685.65	4,078.66	1,859.29	3,343.12	4,548.77
भंडारण में कमी	17,289.92	18,531.23	3,699.79	10,741.26	18,741.06
कुल	**3,31,476.11**	**4,87,602.53**	**73,996.93**	**5,85,387.75**	**10,76,044.12**

*****